卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 64 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦11 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला सही:सुप्रीम कोर्ट

## केन्द्र सरकार को मिली बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने सितम्बर 2024 तक जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने के दिये आदेश

नई दिल्ली (उद ब्यूरो) सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को बरकरार रखा है। इस फैसले ने मोदी सरकार को बड़ी राहत दी है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग हैं। इसकी कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है। बता दें 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रभाव को खत्म कर दिया था, साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था और दोनों को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया था। केंद्र के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 23 अर्जियां दी गई थीं, सभी को सुनने के बाद सितंबर में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 370 हटने के 4



साल, 4 महीने, 6 दिन बाद सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने फैसला सुनाया। फैसले में कहा गया कि आर्टिकल 370 हटाने का हक राष्ट्रपति को है। आर्टिकल 370 हटाने का फैसला संवैधानिक तौर पर सही था। संविधान के सभी प्रावधान जम्मू कश्मीर पर लागू होते हैं। ये फैसला जम्मू कश्मीर के एकीकरण के लिए था।अनुच्छेद 370 हटाने में कोई दुर्भावना नहीं थी। जम्मू कश्मीर में जल्द चुनाव के लिए कदम उठाए जाएं। 30 सितंबर 2024 तक जम्मू कश्मीर में चुनाव हों। जम्मू कश्मीर में जल्द (शेष पृष्ठ सात पर)

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला आशा की किरण: मोदी

नई दिल्ली। अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पीएम मोदी ने खुशी जाहिर की है। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'अनुच्छेद 370



हटाने पर सुप्रीम कोर्ट का आज का फैसला ऐतिहासिक है। जिसमें भारतीय संसद द्वारा 5 अगस्त 2019 को लिए गए फैसले की संवैधानिकता बरकरार रखी गई है। यह उम्मीदों, विकास और जम्मू कश्मीर, लद्दाख के हमारे भाई-बहनों की एकता की गूंज है। अदालत ने हमारी एकता के मूल के सार को मजबूत किया है, जिसे हम भारतीय सबसे ऊपर रखते हैं।' पीएम मोदी ने लिखा, मैं जम्मू कश्मीर और लद्दाख के जुझारू लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि आपके सपने पूरे करने का हमारा वादा पूरा करेंगे। हम इस बात के (शेष पृष्ठ सात पर)

# नशे के लिए पैसे नहीं देने पर लगा ली फांसी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नशे की लत पूरी करने के लिए युवक किस हद तक जा सकते हैं इसका एक जीता जागता उदाहरण उस समय देखने को मिला जब नशे



के लिए रूपये मांगने पर मां द्वारा मना कर दिया गया तो पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला रविन्द्र नगर निवासी 25 वर्षीय राम मंडल पुत्र फकीर मंडल पेंटिंग का काम करता था और नशे का आदि था। बताया जाता है कि उसने गत सायं करीब सात बजे अपनी मां धमी से नशे के लिए रूपये मांगे तो मां ने रूपये देने से मना कर दिया। जिससे नाराज होकर राम घर से चला गया। परिजनों ने उसकी खोजबीन की। थोड़ी देर बाद लोगों द्वारा परिजनों को बताया गया कि जेपीएस स्कूल के पीछे मौहल्ला दरियानगर में एक पेड़ पर राम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर निवर्तमान (शेष पृष्ठ सात पर)

# डंपर से कुचलकर श्रमिक की दर्दनाक मौत

## लालपुर में सड़क किनारे खड़ा था श्रमिक, डंपर चालक वाहन सहित फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि किच्छा मार्ग पर ग्राम लालपुर में सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे मजदूर को तेज गति से जाते डंपर के अज्ञात चालक ने टक्कर मार कर रौंद दिया। जिससे मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया और जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। मामले की जानकारी मिलने पर परिजन यहां आ गये और उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार किच्छा हाथीखाना वार्ड 17 निवासी 28 वर्षीय चन्दन कोली पुत्र मिश्री



लाल मजदूरी करता था। बताया जाता है कि गत दिवस वह अपने दोस्त से मिलने के लिए लालपुर आया। जिसके बाद वह घर वापस जाने के लिए लालपुर में सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आते डम्पर के अज्ञात चालक ने उसे टक्कर मारकर रौंद दिया। डम्पर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना में चन्दन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर वार्ड सभासद राजेश कोली के साथ परिजन यहां पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। मृतक चन्दन कोली के पांच भाईयों में तीन की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। अब परिवार में बड़ा भाई राजपाल व एक विवाहित बहन पूनम माता चन्द्रावती व पिता मिश्रीलाल हैं।

# स्कूल से हजारों का सामान चोरी, दो माह बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

काशीपुर(उद संवाददाता)। बांसखेड़ा स्थित राजकीय माध्यमिक इंटर कालेज में चोरों ने धावा बोलकर हजारों का सामान चोरी कर लिया। मामले में दो महीने बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पैगा चौकी को दी तहरीर में कालेज के प्रधानाचार्य डीके साहू ने बताया कि 5अक्टूबर की रात को अज्ञात चोरों ने प्रधानाचार्य कक्ष का ताला तोड़ कर एल0ई0डी0 32 इंच व दो डी0वी0आर, वचुर्वल लैब से एल0ई0डी0 65 इंच, एक की बोर्ड, एक माउस, स्मार्ट क्लास से एक एल0ई0डी0 50 (शेष पृष्ठ सात पर)

# एसएसपी ने किये 37 पुलिस कर्मियों के तबादले

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसीने जिले की कानून व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए 37 पुलिस कर्मियों के तबादले किये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसआई पुष्कर दत्त भट्ट को पुलिस लाईन से थाना आईटीआई, हेड कांस्टेबल जगदीश को थाना रूद्रपुर से थाना झनकईया, हेड कांस्टैबल कैलाश चन्द्र को पुलिस लाईन से थाना पंतनगर, हेड कांस्टैबल देवेन्द्र राम वर्मा को पुलिस लाईन से मालखाना मोहर्रिर थाना कुण्डा, चन्द्रशेखर को पुलिस लाईन से थाना सितारगंज,जगदीश फर्त्याल को थाना काशीपुर से थाना दिनेशपुर, नरेन्द्र यादव



को थाना सितारगंज से थाना दिनेशपुर, प्रकाश भोजक को पुलिस लाईन से थाना रूद्रपुर, कांस्टेबल मनोज कुमार को पुलिस लाईन से थाना कुण्डा, दीप्ती कार्की को पुलिस लाईन से थाना सितारगंज, दिलीप कुमार को पुलिस लाईन से थाना आईटीआई, नीरज कुमार को पुलिस लाईन से थाना बाजपुर, जोनम रानी को पुलिस लाईन से डायल-112 पुलिस कार्यालय, जगदीश सिंह को पुलिस लाईन से अभियोजन कार्यालय काशीपुर, बृजेश यादव को पुलिस लाईन से पीआरओ सेल पुलिस कार्यालय, गोविंद आर्या को पुलिस लाईन से थाना दिनेशपुर, प्रवीन्द्र सिंह को पुलिस लाईन से थाना जसपुर, भूपेन्द्र जीना को थाना पुलभट्टा से थाना ट्रांजिट कैम्प, चांदनी मेहरा को डायल 112 पुलिस कार्यालय से थाना रूद्रपुर, (शेष पृष्ठ सात पर)

# बैंक लोन का सेटलमेंट कराने के नाम पर उद्योगपति से डेढ़ करोड़ ठगे

काशीपुर (उद संवाददाता)। 9.88 करोड बैंक ऋण का सैटलमेंट 6.50 करोड़ में कराने के नाम पर एक उद्योगपति से डेढ़ करोड़ रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में बसंत विहार, गिरीताल रोड निवासी संजीव पाल अरोरा पुत्र स्व० ज्ञान चन्द अरोरा ने बताया कि उसके भाई सुरेन्द्र अरोरा का सीड्स प्लांट प्रयाग सीडस, आनन्द एग्रो व दयाल सीड्स है जो कि पंजाब नैशनल बैंक शाखा काशीपुर से फाईनेन्स है, जिसकी लोन रिकवरी को लेकर बैंक से वित्तीय मतभेद चले आ रहे हैं। उनकी मुलाकात राकेश थापर पुत्र आनन्द स्वरूप निवासी लाजपत नगर दिल्ली व अनुकम्पा भट्ट पुत्री जीवन रमण भट्ट निवासी रमेश नगर वेस्ट दिल्ली हाल निवासी लाजपत नगर दिल्ली से हुई। इन लोगो ने बताया कि हमारी फर्म ए टू जेड वित्तीय मतभेदों को देखती है तथा सभझौता कराकर काफी पैसो की बचत करा देती है। झांसे में आकर उनसे बैंक ऋण व ब्याज के बारे में बात की जिसके बाद 24मई 2023 को प्रार्थी अपने साथ अनिल कुमार डाबर व मनीष श्रीवास्तव को लेकर राकेश थापर के ऑफिस लाजपत नगर दिल्ली गये, जहां पर जो ऋण 9 करोड 88 लाख रूपये के आस पास था, उसको राकेश थापर ने 6 करोड 50 लाख रूपये में निपटाने की बात कही। जिसमें से 4 करोड 19 लाख रूपये लगभग बैंक में जमा करने और 2 करोड 31 लाख रूपये अपनी कंसलटेंसी की फीस तय की गयी। दोनों पक्षों के बीच (शेष पृष्ठ सात पर)

# बुद्धवीर को हिरासत में लेने पर भड़के किसान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किसान नेता बुद्धवीर सिंह को हिरासत में लेने उन पर प्रतिबंध लगाने तथा एसकेएम के साथ दिए आश्वासन का उल्लंघन करने के विरोध में सोमवार को जनपद भर आए किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर एडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। रोषित किसानों का कहना है कि केंद्र सरकार ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव द्वारा 9 दिसंबर 2021 के लिखित पत्र के आधार पर एसकेएम के साथ समझौता किया था। जिसके आधार पर ऐतिहासिक किसान संघर्ष को स्थगित कर दिया गया था। पत्र में स्पष्ट



रूप से कहा गया था कि उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और हरियाणा की राज्य सरकारें किसान संघर्ष में सम्बंधित सभी मामलों को तुरंत वापस लेने के लिए पूरी तरह सहमत हैं। माथ ही, पत्र में केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेशों में उसकी एजेंसियों और प्रशासन ने किसानों के संघर्ष से संबंधित सभी मामलों को वापस लेने पर सहमति व्यक्त की थी। किसानों के खिलाफ 86 मामले वापस लेने की अनुमति दे दी है। लगभग दो वर्षों के बाद, युद्धवीर सिंह, जो एसकेएम के राष्ट्रीय परिषद सदस्य और भारतीय किसान संघ (बीकेयू) के महासचिव है को 29 नवंबर 2023 को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में किसान आंदोलन के कड़े विरोध के कारण दिल्ली पुलिस को उन्हें रिहा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। एमकेएम किसान नेताओं को आपराधिक मामलों में फंसाने के किसी भी कदम को सरकार और एसकेएम के बीच हुए समझौते का खुला उल्लंघन मानती है। दो साल(शेष पृष्ठ सात पर)

# विद्युत चोरी के खिलाफ ताबड़तोड़ छापे,नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुद(उद संवाददाता)। विद्युत टीम द्वारा औचक निरीक्षण में अनेक भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े गये। जिनमें नौ लोगों के खिलाफ विभाग द्वारा रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में संजय कुमार उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड रूद्रपुर द्वितीय द्वारा कहा गया है कि उनके साथ सतेन्द्र प्रकाश जोगियाल अवर अभियन्ता नवोदय, महेन्द्र कुमार लाईन कर्मी, भरत पासवान लाईन कर्मी, अन्शुल मदान सहायक अभियन्ता सतर्कता, शरद चौधरी पुलिस निरीक्षक सतर्कता ईकाई कुमांउ क्षेत्र हल्द्वानी द्वारा विद्युत चैकिग करते मुन्ने पुत्र मो. अहमद निवासी सुभाष कालोनी वार्ड 29, श्रीमती इशरत पत्नी स्व. सफीक अहमद निवासी गोटिया गली नंबर 1 वार्ड 9, जाबिद हुसैन पुत्र जाफर अली निवासी सीर गोटिया, मो. राशिद पुत्र मुस्ताक निवासी सीर गोटिया, श्रीमती शबनम पत्नी स्व. बाबू निवासी सीर गोटिया निकट इन्द्रा चौक, जावेद पुत्र मकसूद अहमद निवासी सीर गोटिया, राशिद पुत्र असरफ खान, असरफ खान पुत्र अहमद यार निवासी सीर गोटिया, महताब पुत्र गुलाम नवी निवासी सुभाषनगर वार्ड 29 के (शेष पृष्ठ सात पर)

# अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में लाखों परिवारों तक पहुंचेगा आमंत्रण पत्र

देहरादून(उद संवाददाता)। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके लिए देहरादून में भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। भव्य आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण देने के लिए विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल और आरएसएस की संयुक्त टीमें लग गई हैं। 15 जनवरी तक जिले के चार लाख परिवारों को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण दिया जाएगा। निमंत्रण पत्र में अयोध्या से आई पूजित अक्षत, भगवान श्रीराम का फोटो और आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। वहीं प्राण प्रतिष्ठा के दिन दूनवासियों से घर के बाहर पांच दीपक जलाकर दिवाली जैसा उत्सव मनाने का आह्वान किया जा रहा है। विहिप के जिलाध्यक्ष नवीन गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के तौर पर मनाने की तैयारी है। इस दिन सभी हिंदू समाज के लोगों से उपवास करने, भंडारा कर घर के द्वार पर पांच दीपक जलाने का आह्वान किया जा रहा है। बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए हरिद्वार में प्रांत स्तर की बैठक हो चुकी है। इसमें अयोध्या से आया अक्षत कलश सौंपा गया। इस कलश को देहरादून में संघ कार्यालय में प्रांत प्रचारक को सौंप दिया गया है। इस अक्षत को पूरे जिले आमंत्रण पत्र के साथ बांटा जाएगा। विहिप जिलाध्यक्ष नवीन गुप्ता बताते हैं कि जिले के सभी प्रमुख मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर 22 जनवरी को बड़ी स्क्रीन लगाई जाएगी। इस पर अयोध्या से लाइव प्रसारण किया जाएगा। भजन और हनुमान चालीसा व सुंदर कांड का प्रसारण भी होगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रांतवार लोगों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने का इंतजाम भाजपा संगठन की ओर से किया गया है। बताया गया कि 26 जनवरी को उत्तराखंड के 1500 लोगों को जन्मभूमि के दर्शन कराए जाएंगे। इसके लिए राज्य के लिए दो स्पेशल ट्रेनों का इंतजाम किया गया है। पहली ट्रेन देहरादून और दूसरी ट्रेन कुमाऊं से जाएगी।



# डेस्टिनेशन वेडिंग का नया हब बन रहा रामनगर

नैनीताल। प्रकृति के आकर्षक सौंदर्य से भरपूर रामनगर और कॉर्बेट नेशनल पार्क के आसपास का क्षेत्र डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए आकर्षित कर रहा है। हरियाली के बीच रिजॉर्टों में अनेक विवाह थीमों की उपलब्धता और जंगल सफारी का क्रेज लोगों को लुभा रहा। यही वजह है कि रामनगर डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में उभर रहा है। यहां पर शादी के सीजन में 50 से 60 शादियां हो रही हैं। ऐसे में एक अनुमान है कि शादी सीजन में एक माह में यहां पर करीब साढ़े सात करोड़ का कारोबार हो रहा है। डेस्टिनेशन वेडिंग में फिल्मी सितारे व टीवी कलाकार शादियों में शिरकत करने आते रहे हैं। रामनगर डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए लोगों की पहली पसंद बन रहा है। कॉर्बेट सिटी के नाम से मशहूर रामनगर बीते चार-पांच साल डेस्टिनेशन वेडिंग का हब बना हुआ है। दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार समेत अन्य राज्यों से लोग यहां आकर डेस्टिनेशन वेडिंग कर रहे है। डेस्टिनेशन वेडिंग का सिलसिला बढ़ने से रिजॉर्ट व होटल कारोबारियों को संजीवनी मिल गई है। रिजॉर्ट व होटलों में डेस्टिनेशन वेडिंग का इतना क्रेज है कि शादी कराने के लिए लोगों को छह से सात माह पहले बुकिंग करानी पड़ रही है। रामनगर में आमतौर पर डेस्टिनेशन वेडिंग 15 से 20 लाख के बीच में हो जाती है। हालांकि कई शादियां 50 लाख रुपये तक पहुंच जाती है। शादी के सीजन में एक महीने में रामनगर में 50 से 60 शादियां हो जाती हैं। 15 लाख रुपये के हिसाब से 50 शादियों से एक माह में 7.5 करोड़ का कारोबार आसानी से हो जाता है। रामनगर में 250 से अधिक रिजॉर्ट व होटल हैं।



# पहाड़ों में वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने के लिए सरकार के पास ठोस कार्ययोजना नहीं : कांग्रेस

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से की गई घोषणाओं पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी तीन लाख 50 हजार करोड़ का निवेश और पीएम मोदी उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की बात तो कर रहे हैं, लेकिन इसके लिए जमीन कहां से लाएंगे। माहरा ने कहा उत्तराखंड में कृषि के लिए केवल 13 प्रतिशत जमीन वर्गीकृत है, तो क्या सरकार उद्योग स्थापित करने को अब किसानों, काश्तकारों की भूमि का अधिग्रहण करेगी। क्या देश दुनिया को ऑक्सीजन देने वाले उत्तराखंड के जंगलों पर आरियां चलाई जाएंगी। पहाड़ों में वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने के लिए पूर्व की भांति विकास के नाम पर क्या फिर हरे भरे पेड़ों की बलि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एनजीटी के सख्त नियमों से मसूरी, नैनीताल जैसे पर्यटक स्थलों में नए निर्माण को लेकर रोक और आपत्तियां हैं, ऐसे में पहाड़ में नए वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने को क्या सरकार अध्यादेश लेकर आएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में हुई अव्यवस्थाओं को रोकने में सरकार विफल साबित हुई है। वर्ष 2018 में ऐसे ही इन्वेस्टर समिट के बाद भाजपा सरकार ने भू कानून में बदलाव कर राज्य की जमीनों को दांव पर लगा दिया था, क्या अबकी भी भाजपा सरकार धन्ना सेठों को खुश करने के लिए फिर से भू कानून से खिलवाड़ करेगी। उन्होंने वर्ष 2019 में साउथ अफ्रीका में बसे उद्योगपति गुप्ता बंधुओं की ओर से अपने दो पुत्रों की शादी औली में कराए जाने के बाद मचे बवाल की भी याद दिलाई। माहरा ने कहा तब वहां 320 टन कूड़े का निस्तारण किया गया था। शादी समारोह में लगे 200 मजदूरों के लिए शौचालयों तक की व्यवस्था तक नहीं की गई थी।



# हल्द्वानी में विशाल निरंकारी संत समागम 15 को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आध्यात्मिक प्रमुख सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी का आगमन पर संत समागम का आयोजन एमबी इंटर कालेज मैदान, भोटिया पड़ाव, नैनीताल रोड, में आगामी 15 दिसम्बर दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक किया जायेगा। इस संत समागम में हल्द्वानी क्षेत्र के अतिरिक्त निकटवर्ती पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों से भी हजारों हजारों की संख्या में निरंकारी श्रद्धालु एवं भक्तगण सम्मिलित होकर सतगुरु के दिव्य दर्शन और पावन प्रवचनों से स्वयं को कृतार्थ करते हुए सत्संग का भरपूर आनंद प्राप्त करेंगे। स्थानीय जोनल इंचार्ज पीएस. चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन पावन संत समागमों का लक्ष्य संपूर्ण विश्व में शांति की भावना तथा मानवीय गुणों का प्रसार करना है। मिशन की केवल यही धारणा रही है कि हम सभी प्रेम एवं मिलवर्तन के भावों से युक्त होकर जीवन जीयें और समूचे संसार में एकत्व का सुंदर रूप स्थापित करें। संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक जागृति के साथ साथ समाज कल्याण की गतिविधियों में भी सदैव ही सम्मिलित रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल की विषम परिस्थिति हो या प्राकृतिक आपदा जैसी विकट स्थिति, मिशन के सभी सेवादार एवं भक्त निःस्वार्थ भाव से दिन रात अपनी सेवाओं को तल्लीनता से निभाते रहे हैं। हल्द्वानी संयोजक सुभाष अरोड़ा ने सभी संतों एवं नगरवासियों से इस दिव्य संत समागम में सम्मिलित होने का आह्वान किया ताकि वह इस विशाल संत समागम के साक्षी बनकर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के द्वारा समझाई गए शिक्षा की सिखलाईयों को ग्रहण करते हुए अपने जीवन को धन्य बनाये ।




# एकजुट होकर चुनाव के लिए जुटें कार्यकर्ता: पुष्कर

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिले के प्रभारी पुष्कर सिंह काला ने भारतीय खटीमा तीनों मंडलों की एक बैठक ली। बैठक में जिले के पुष्कर सिंह कला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार उद्योगपतियों को उत्तराखंड में निवेश करने के लिए प्रयास कर रहे हैं और उनके प्रयासों का ही नतीजा है कि उत्तराखंड में इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गई जिसमें उद्योगपतियों ने उत्तराखंड में निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई। आने वाले समय में उत्तराखंड पर्यटक क्षेत्र के साथ-साथ व्यावसायिक क्षेत्र में भी देश की अग्रणी राज्यों में शामिल होगा और यहां की युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे, साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी हित में एवं प्रदेशहित में कार्य करने की रूपरेखा बनाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आने वाली चुनौतियों का सामना करेंगे और निश्चित रूप से नगर पालिका नगर पंचायत नगर निगम चुनाव के साथ-साथ लोकसभा चुनाव में पार्टी के विजय अभियान को जारी रखेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, मंडी समिति के अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, जिला महामंत्री सतीश गोयल, कपिल सामंत, अंजू देवी, पंकज सिंह, विक्रम भट्ट, अमित कुमार पांडे, विमला बिष्ट, कमलदीप राणा, मुकेश रोहेला, करण यादव, कृपाल सिंह राणा, किशन किन्ना , सोमनाथ मौर्य, दिगंबर कन्याल, मोहन चुफाल, रेनू भण्डारी, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।



# उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट रहा ऐतिहासिक : भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने देहरादून में आयोजित दो दिवसीय उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 को ऐतिहासिक बताया। भट्ट ने राज्य के विकास के लिए साढे तीन लाख करोड़ से अधिक के एमओयू साइन किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। भट्ट ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी एमओयू साइन हुए हैं जिससे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था भी और मजबूत होगी।भट्ट ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 2 लाख करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष साढे तीन लाख करोड़ के एमओयू होना इस बात का संकेत है कि उत्तराखंड जल्द देश के अग्रणीय राज्य में शुमार होकर एक नई गाथा लिखेगा। उन्होंने कहा कि इस इन्वेस्टर समिट में निवेशकों द्वारा सभी क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करने में विशेष रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य में औद्योगिक निवेश के साथ ही रोजगार की असीम संभावनाएं बढ़ेंगी और राज्य आर्थिक उन्नति की ओर बढ़ेगा।

# तेंदुए को आदमखोर घोषित करने की मांग

नैनीताल। भीमताल ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिनरों के तोक डोब गांव में शनिवार को तेंदुए के हमले से चारा काट रही पुष्पा देवी की मौत हो गई थी। रविवार तक तेंदुए को आदमखोर घोषित नहीं किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने विधायक राम सिंह कैड़ा के नेतृत्व में डीएफओ चंद्रशेखर जोशी का घेराव कर वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। विधायक ने चीफ कन्जवेटर को फोन कर तेंदुए को आदमखोर घोषित कर मारने के आदेश जारी नहीं किए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने डीएफओ से ग्रामीणों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने वन मंत्री सुबोध उनियाल को फोन कर तेंदुए को मारने के आदेश जारी करने की मांग की है। क्षेत्र में दो महिलाओं की मौत से ग्रामीणों में रोष है।



# श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 28 जनवरी से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी 28 जनवरी से 3 फरवरी तक गांधी पार्क में किया जायेगा। आयोजन को लेकर एक बैठक रविवार को लोक विहार कालोनी स्थित संस्थान की शाखा में आयोजित हुयी। जिसमें भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की रूपरेखा तैयार की गयी। इस दौरान स्वामी उमेशानंद जी ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए आयोजन को लेकर जिम्मेवारियां सौंपी।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# बेहड़ ने चीनी मिल निदेशक और कर्मचारियों को सम्मानित किया

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा शुगर फैक्ट्री के सुचारू चलने पर फैक्ट्री का निरीक्षण किया तथा अधिशाषी निदेशक सहित मिल कर्मचारियों का फूल माला पहना कर सम्मान किया।उल्लेखनीय है कि पूर्व चीनी मिल ना चलने को लेकर विधायक खासा नाराज चल रहे थे । फैक्ट्री के प्रांगण में फैक्ट्री चलाए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए थे। 6 दिसंबर को किच्छा चीनी मिल प्रशासन द्वारा मिल के पराई सत्र का शुभारंभ किया गया था। किंतु कुछ ही देर बाद मिल पूर्ण रूप से बंद हो गई थी तथा पेराई सत्र को लेकर को लेकर खासा हंगामा भी खड़ा हो गया था जिसमें मिल अधिशासी निदेशक को धरना दे रहे लोगों को 8 दिसंबर की रात्रि तक मिल सुचारू रूप से चलाई जाने का लिखित आश्वासन दिया गया था। जिस पर विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा 8 तारीख तक मिल ना चलने की स्थिति में मिल प्रांगण में धरना देने का ऐलान किया गया था जिस परिपेक्ष विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा किच्छा शुगर



मिल का निरीक्षण किया गया तथा पाया कि मिल पूर्ण रूप से चल रही है। जिस पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ तथा किसानों के साथ मिल प्रांगण मे ही अधिशाषी निदेशक और मिल कर्मचारियों का फूल मालाओं से सम्मानित कर संतुष्ट होने की बात कही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, गुलशन सिंधी, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली ,दलजीत सिंह ,जगदीप सिंह हंसपाल ,अशोक मित्र, दिलीप सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश, पप्पू ,नितिन शर्मा, ताहिर मलिक, और एन यू खान किसान अनवर किशनलाल ,नवी जान महेंद्र, बंटी पापनेजा, जीवन जोशी, गौरव बेहड़ , संतोष ठाकुर ,छोटेलाल, टीटू शर्मा, खालिद इकबाल, मिस्वाल कुरैशी, जगरूप सिंह, गोल्डी , नासिर कुरेशी,ओम प्रकाश दुआ , अक्षय बाबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के रमेश तिवारी उर्फ गुड्डू भैया धर्मेंद्र सिंह सिंधी पूर्व बिलासपुर मेजर सिंह ठाकुर अभय सिंह उर्फ रामबाबू नासिर खान सुनीता कश्यप मिस्वाल कुरैशी, मुर्तजा अंसारी, कृषक यासीन, कृषक देवेंद्र सिंह विर्क, सौरभ बेहड़,चंदन पांडे, एन यू खान, ठाकुर सुनील कुमार,मिल कर्मचारी चीफ इंजीनियर एस के मिश्रा, चीफ कैमिस्ट दिनेश पांडे, भूपेंद्र पोखरिया, मनोज कुमार, अशोक तिवारी, मनोज यादव , ऋषि पाल , रोहित चरण, तारा उपाधाय सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# सैक्स रैकेट का भंडाफोड़ महिला समेत दो गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।मुखानी थाना क्षेत्र की आवासीय कॉलोनी स्थित एक मकान में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की टीम ने छापामारी कर महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों उस मकान में देह व्यापार चला रहे थे। मुखानी थाना क्षेत्र की आवासीय कॉलोनी स्थित एक मकान में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की टीम ने छापामारी कर महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों उस मकान में देह व्यापार का धंधा चला रहे थे। टीम ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तीसरी महिला फिलहाल वांछित है। टीम उसकी तलाश में दबिश दे रही है। शनिवार रात एएचटीयू की टीम को मुखानी थाना क्षेत्र में देह व्यापार की सूचना मिली थी। टीम मुखानी की भट्ट कॉलोनी पहुंची और चिह्नित मकान में दबिश दी। पुलिस को देखते ही मकान के गेट पर मौजूद महिला ने भागना चाहा तभी एक महिला सिपाही ने उसे पकड़ लिया। घर की छानबीन करने पर वहां एक कमरे में दो लोग आपत्तिजनक स्थिति में मिले। तलाशी लेने पर मकान में बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक वस्तुएं भी बरामद हुईं। एएचटीयू प्रभारी एसआई दीपा जोशी ने बताया कि यूपी के बुलंदशहर की रहने वाली महिला बीते कई महीनों से हल्द्वानी में रह रही है। यहां रहकर वह देह व्यापार का धंधा चला रही थी। पूछताछ में महिला ने आर्थिक तंगी और दबाव में आकर यह काम करने की बात कही। वहीं देह व्यापार के लिए लड़कियों की सप्लाई करने वाली महिला पुलिस की पकड़ से दूर है। एएचटीयू प्रभारी की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने दो महिला व एक पुरुष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# डीएम ने दिए हमलावर बाघ को शीघ्र आदमखोर घोषित कर पकड़ने के निर्देश

नैनीताल। बीते कुछ समय से कुमाऊं में वन्य जीवों के हमले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। आए दिन बाघ और तेंदुए के हमले की खबरें सामने आ रही हैं। एक हफ्ते में ही तीन से ज्यादा लोग बाघ और तेंदुए के हमले में अपनी जान गंवा चुके हैं। एक हफ्ते के भीतर नैनीताल जिले में बाघ और तेंदुए के हमले में तीन लोगों की मौत हुई है। नैनीताल में बाघ के हमले में महिला की मौत के बाद से लोगों में आक्रोश है। लोग लगातार बाघ को आदमखोर घोषित करने की मांग कर रहे हैं। जिसके बाद जिलाधिकारी वंदना सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने जल्द से जल्द से बाघ को पकड़ने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने प्रभागीय वन अधिकारी को जल्द से जल्द बाघ को आदमखोर घोषित कर पकड़ने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने क्षेत्र के स्कूलों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने पुलिस ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था बनाने में सहयोग करें।

# प्रशिक्षण शिविर में दिये विद्यालय प्रबंधन के टिप्स

खटीमा(उद संवाददाता)। सीआरसी चारूबेटा की न्याय पंचायत खेतलसंडा खाम की विद्यालय प्रबंधन समितियों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय इंटर कालेज चारूबेटा में मास्टर ट्रेनर रावेंद्र कुमार द्वारा दिया गया। इस दौरान नई शिक्षा नीति समेत कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। रविवार को संपन्न प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षणार्थियों को विद्यालय प्रबंधन की बारीकियां सिखाते हुए नई शिक्षा नीति, समावेशी शिक्षा, बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, बालिका शिक्षा, शिक्षा के पात्र अपवंचित वर्गों के बच्चे, दिव्यांग बच्चों की शिक्षा आदि बिंदुओं पर चर्चा की। सहयोगी मास्टर ट्रेनर विनय मिश्रा ने समिति के गठन, लेखा-पंजिकाओं के निर्माण, बच्चे के स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण घटकों, बच्चे के सर्वांगीण विकास में एसएमसी के सदस्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला। राजकीय इंटर कालेज चारूबेटा के प्रधानाचार्य और प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी रामनारायण वर्मा ने कहा कि विद्यालय व विद्यार्थी के किसी भी तरह के विकास में एसएमसी के सदस्यों के उत्तरदायित्व सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने सभी से अपनी जिम्मेवारियों को तत्परता के साथ निर्वहन करने का आहवान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शकुंतला कुशवाहा, कमला, पूनम, रचना आदि समेत कई वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। प्रशिक्षण में चारूबेटा संकुल की आठ समितियों राप्रावि चारूबेटा, चंदेली द्वितीय, चांदा, संतना, चांदा भुड़रिया, नौगवां पटिया, राउप्रावि नौगवांठग्गू और राइंका चारूबेटा के अड़तालीस सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

# अधूरी सुरंगों से चार गांवों में धंस रही जमीन

उत्तरकाशी। तीन दिन पहले सिलक्यारा सुरंग हादसे से उबरे उत्तरकाशी जनपद में आधा-अधूरी बनीं सुरंगें चार गांवों के लिए खतरा बनी हुई हैं। जमीन के नीचे से गुजरने वाली इन सुरंगों के कारण गांवों में जमीन धंस रही हैं। जिसके चलते नए व पुराने हर मकान पर दरारें पड़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार जिला प्रशासन से भूगर्भीय सर्वे कराने की मांग की, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दरअसल यह सुरंगे लोहारी नाग पाला जल विद्युत परियोजना के लिए बनाई जा रही थी। जो कि वर्ष 2010 में पर्यावरण बनाम विकास के मुद्दे पर 60 प्रतिशत तक काम पूरा होने के बाद बंद कर दी गई। भटवाड़ी ब्लाक में आधी-अधूरी तीन से चार यह सुरंगे तिहार, कुज्जन, भंगेली व सुनगर गांवों के नीचे से गुजरती हैं। भंगेली गांव के प्रधान प्रवीन प्रज्ञान का कहना है कि इन सुरंगों के कारण उनके गांवों में नए व पुराने हर मकान में दरारें पड़ रही हैं। जिनके हर पल दरकने का खतरा बना रहता है। बताया कि सुरंग निर्माण के दौरान जब ब्लास्ट किए जाते थे तो उनका पूरा गांव हिल जाता था। आज भी यह सुरंगे उनके लिए खतरे का सबब बनी हुई हैं। बताया कि वह कमरे में टाइलें भी लगाते हैं तो टाइलें भी फट जाती हैं। 600 मेगावाट की लोहारीनाग पाला परियोजना का निर्माण एनटीपीसी ने वर्ष 2005 में शुरु हुआ था। लेकिन इसका निर्माण शुरु होने के साथ ही विवादों में आ गई थी। पर्यावरणविद् प्रो.जीडी अग्रवाल ने परियोजना निर्माण से पर्यावरण को खतरा बताते हुए इसका विरोध किया। जिसके चलते इसे वर्ष 2010 में बंद कर दिया गया। परियोजना के लिए आधी-अधूरी बनी सुरंगों को ऐसे ही छोड़ दिया गया।

# हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में कोहरा छाने की चेतावनी

देहरादून। उत्तराखंड के हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं। हालांकि, प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होने से ठंड का अहसास कम होगा। सुबह-शाम के समय शीतलहरें चलने से ठंड महसूस होगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार हरिद्वार व ऊधमसिंह नगर को छोड़ सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान में सामान्य से एक-दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। उधर रविवार को भी दून का अधिकतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 23.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# मानवाधिकार दिवस पर चलाया हस्ताक्षर अभियान

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। मानवाधिकार दिवस पर एक्शन एड संस्था की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान विचार गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। इसमें स्त्री पुरुष बराबरी में पुरुषों की भागेदारी विषय पर चर्चा की गई। रविवार को थाना परिसर में निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार और थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने अभियान का शुभारंभ किया। महिला कल्याण समिति की संयोजिका हीरा जंगपांगी ने कहा कि वर्तमान में महिला हिंसा बढ़ती जा रही है। महिलाओं पर शारीरिक और मानसिक अत्याचार बढ़ रहे हैं। इसे रोकने के लिए जन जागरण अभियान चलाने की जरूरत है। थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने कहा महिलाओं के विरुद्ध अपराध से संबंधित कानूनों को मजबूत करने के लिए देश के कानूनों में संसोधन किया गया है। वहां हिमांशु सरकार, सरिता सक्सेना, दीपक मक्कड़, अनिता त्रिपाठी, गोपाल चक्रवती, तरुन सिंह, पवन गोस्वामी आदि थे।

# परियोजनाओं की लगाई प्रदर्शनी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार एफआरआई स्थित उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन स्थल पर एग्जीबिशन एरिया आज स्कूली छात्रों और आम जनता के लिए खुला रहा। यह स्थल सोमवार 11 दिसंबर को भी स्कूली छात्रों और आम जनता के लिए खुला रहेगा। आज बड़ी संख्या में थ्त्प पहुंचे छात्र-छात्राओं और आम जनता को विभिन्न स्टॉल का भ्रमण करने तथा उत्तराखण्ड के दो दशक की विकास यात्रा को करीब से जानने का अवसर प्राप्त मिला। स्टॉल पर जहां एक ओर ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल लाइन, एरोमा पार्क, प्लास्टिक पार्क, फूड पार्क, वेलनेस पार्क, टिहरी डैम समेत विभिन्न जलविद्युत परियोजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई है, वहीं उत्तराखण्ड के पारंपरिक उत्पादों, हस्तकला तथा हस्तशिल्प की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

# मानवाधिकार एसोसिएशन ने वेबसाइट लॉच कर मनाया मानवाधिकार दिवस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन द्वारा मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मीडिया ग्रुप ऑफिस ने एक गोष्ठी का आयोजन कर मानवाधिकार संरक्षण के विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन की ओर से अपनी संस्था की वेबसाइट भी लॉन्च की। संस्था की ओर से अपनी वेबसाइट लॉन्चिंग के अवसर पर संयुक्त रूप से केक काटकर वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। संस्था से जुड़े वकीलों और पत्रकारों ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष गुरबाज सिंह ने बताया कि हमारी संस्था का उद्देश्य भारतीय संविधान में नागरिकों को प्रदत्त मूल अधिकारों एवं कर्तव्य के प्रति जागरूक करना है। उन्हें विधिक रूप से जागरूक कर मानवाधिकार का संरक्षण का कार्य किया जा सकता है। विधिक जागरूकता से व्यक्ति अपने अधिकारों के साथ अपने दायित्वों के प्रति भी जागरूक होता है। हमारी संस्था द्वारा आम नागरिकों को विधिक रूप से जागरूक कर उन्हें छोटे-बड़े ऐसे कानून के बारे में जानकारी दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है जिसको अज्ञानता वश करने के बाद वह मुकदमेबाजी या किसी कार्रवाई में फंस जाते हैं और बाद में उनका कहना होता है कि इस कानून के बारे में उन्हें जानकारी नहीं थी इसलिए विधिक जागरूकता आवश्यक है जिससे लोग अपने अधिकारों का संरक्षण करने के साथ अपने दायित्वों के प्रति भी जागरूक बन सके। इस दौरान संस्था के महासचिव द्वारा कमल चिलाना द्वारा बताया गया कि आज अखिल भारतीय मानव अधिकार



एसोसिएशन की वेबसाइट manavadhikarclub-com के नाम से लांच की गई है। इस वेबसाइट के माध्यम से हमारी संस्था की ओर से किए जाने वाले कार्यों को आम जनता तक आसानी से पहुंचाया जा सकेगा। जल्द ही हम अपनी इस वेबसाइट के माध्यम से हमारी इस सामाजिक संस्था में सहयोग के रूप में जुड़ने वाले जागरूक नागरिकों को सदस्य के रूप में निशुल्क जोड़ का प्रयास करेंगे और इस वेबसाइट के माध्यम से उन्हें निशुल्क सदस्यता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। संस्था के वरिष्ठ सदस्य कमल श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि प्रदेश में मानवाधिकारों के हनन से संबंधित बहुत से मामले हैं जिसे शासन प्रशासन की जानकारी में लाना और उनका निराकरण करना हम सभी का दायित्व है। हम लोग प्रयास करेंगे कि हम अपनी संस्था अखिल भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन के माध्यम से मानवाधिकारों के हनन के संबंध में शासन प्रशासन को अवगत करा सके और सामाजिक समस्याओं का निराकरण करा सके। संस्था की वेबसाइट को तैयार करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सिमरप्रीत सिंह का सभी पदाधिकारी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी सिमरप्रीत सिंह, मनोज तनेजा, राकेश अरोरा, मनीष ग्रोवर, राहुल चिलाना, शुभोदुति मंडल, बलवीर सिंह चौहान, बादल गंगवार, शादाब गुड्डू, गोपाल भारती, एस एस चौहान, सोनू खुराना आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे। संस्था की वेबसाइट को तैयार करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सिमरप्रीत सिंह का सभी पदाधिकारियो ने आभार व्यक्त किया।

# सीएम ने किया 'सशक्त नेतृत्व समृद्ध उत्तराखंड' विकास पुस्तिका का विमोचन

## एफआरआई में समिट के समापन पर श्रमिकों के साथ भोजन कर सीएम धामी ने दिया धन्यवाद, मीडिया का भी जताया आभार





देहरादून(उद संवादाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एफआरआई में सूचना एवं लोक संपर्क विभाग की पुस्तिका 'सशक्त नेतृत्व समृद्ध उत्तराखंड' का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि विकास पुस्तिका राज्य सरकार की संचालित योजनाओं, नीतियों को जन-जन तक पंहुचाने का माध्यम होती है। कहा कि सूचना तकनीकी के इस दौर में विकास पुस्तिकाओं को ई-बुक के रूप में भी प्रस्तुत करें। जिससे लोग अपने मोबाइल एवं अन्य माध्यमों से भी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें और योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन की सफलता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा रही है। निवेशक सम्मेलन को सफल बनाने में निवेशकों, केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों ने भी सहभागिता सुनिश्चित कर इसे सफल बनाने में पूर्ण सहयोग एवं योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समिट में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। समिट में इंग्लैंड, आबूधाबी समेत अन्य देशों के साथ-साथ भारत के विभिन्न राज्यों के लोगों ने भी प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्तराखंड की अनंत संभावनाओं को तलाशने की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री ने 'डेस्टिनेशन उत्तराखंड' को एक नए उत्तराखंड के निर्माण की शुरूआत बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस शुरूआत को इसकी मंजिल तक पहुंचाएंगे। इस दौरान पांडवाज बैं, प्रीतम भरतवाण एवं लोक कलाकारों ने उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति दी। सभी ने लोक कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की। मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मीडिया और सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। कहा कि सरकार और जनता के बीच मीडिया महत्वपूर्ण कड़ी है। मीडिया ही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों को जनता तक ले जाती है। जनहित के मुद्दों और आम लोगों की समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करती है। सीएम धामी ने इनवेस्टर्स समिट के सफल आयोजन पर सचिव सूचना शैलेश बगौली, महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले एक सप्ताह से ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की व्यवस्थाओं से जुड़े श्रमिकों एवं पर्यावरण मित्रों के साथ भोजन कर उनके अथक परिश्रम की सराहना कर धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता में हमारे श्रमिक भाइयों का विशेष योगदान रहा है, उनके श्रम की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, खजान दास, सविता कपूर, सरिता आर्य, सुरेश गढ़िया, महानगर अध्यक्ष भाजपा सिद्धार्थ अग्रवाल, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, साहित्य एवं कला परिषद की उपाध्यक्ष मधु भट्ट, सचिव मुख्यमंत्री मीनाक्षी सुंदरम, डॉ. पंकज कुमार पांडेय सहित सूचना विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चीकाघाट में मेले का हुआ शुभारंभ



सितारगंज(उद संवाददाता)। गंगा स्नान के पावन अवसर पर सितारगंज के चीकाघाट में वाले मेले का उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग लीलावती राणा अध्यक्ष महाराणा समिति श्रीपाल राणा एवं ब्लाक प्रमुख पति पलविंदर सिंह औलख ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया और चीकाघाट पर विधि वत रूप से गंगा मैया की पूजा अर्चना की। उद्घाटन के अवसर पर गंगा का तट मां गंगे के जयकारों से गुंजायमान हो गया। चीकाघाट पर लगने वाले 12 दिवसीय गंगा मेले का विधिवत रुप से पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हो गया। इस मौके पर डॉ राजेश चौहान ने कहा कि मेला सद्भावना और सौहार्द का परिचायक होता है। मेले में प्रत्येक श्रद्धालु की भावना गंगा मैया से जुड़ी होती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपेक्षा की है कि मेले को शांतिपूर्वक आयोजित करने में सहयोग करें। श्रद्धालुओं से मेले को भव्य बनाने में सहयोग की अपेक्षा की है। मेले में श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रारंभ हो गया है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को लगाना प्रारंभ कर दिया है। । मेले के उद्घाटन के पश्चात चीकाघाट पर रौनक बढ़ती दिखाई देने लगी है। आपको बताते चलें हर वर्ष बड़ी धूमधाम के साथ चीकाघाट नदी के पास भव्य मेला लगाया जाता है जिसमें आसपास के क्षेत्र की लोग पहुंचते हैं वहीं श्रद्धालुओं ने भी अपने तंबू लगाने शुरू कर दिए है मेले में पुलिस चौकी के माध्यम से मेले की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। डॉ राजेश चौहान, मिश्रीलाल राणा, विजय चौहान ग्राम प्रधान निर्मल सिंह, उप प्रधान सपना सिंह, सुधीर कुमार कटारिया गजन पाल आदि लोग मौजूद थे।

# किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

बाजपुर(उद संवाददाता)। बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों की मांग को लेकर चार महीने से भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन जारी है। सुनवाई नहीं होने से खफा किसानों ने रविवार को विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली जिसमें किसान, मजदूर, व्यापारी वर्ग की एकजुटता नजर आई। किसानों ने कहा कि भूमि समस्या हल नहीं होने पर किसान ट्रैक्टर के साथ देहरादून भी कूच करेंगे। रविवार को अनाज मंडी परिसर में क्षेत्र भर के किसान अपने अपने ट्रैक्टर लेकर पहुंचे जहां किसानों की बैठक हुई। वक्ताओं ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के आश्वासन के बाद भी भूमि समस्या का हल नहीं हुआ। सरकार की ओर चार सदस्यीय समिति गठित कर किसानों को गुमराह किया जा रहा है। भूमि प्रकरण को लेकर अब आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। किसानों ने एक स्वर में कहा कि अभी यह ट्रेलर हैं। फिल्म अभी बाकी है। इसके बाद गुरुद्वारा नानकसर ठाठ के बाबा प्रताप सिंह, भाकियू प्रदेशाध्यक्ष करम सिंह पड्डा, मुहिम संयोजक जगतार सिंह बाजवा, रजनीत सोनू ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रैक्टर रैली को रवाना किया। ट्रैक्टर



रैली रामराज रोड, एनएन टोपा, मुडिया पिस्तौर, रामपुर रोड, मुख्य मार्ग, शहीद भगत सिंह चौक होकर रोडवेज बस स्टेशन जाकर संपन्न हुई। ट्रैक्टर रैली को मुख्य चौक पर रोककर किसानों ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर बल्ली सिंह चामी, हरमंदर सिंह बराड़, हरमिंदर सिंह लाडी, विजेंद्र डोगरा, राजेंद्र सिंह गिल, प्रताप सिंह संधू, हरेंद्र सिंह हुड्डा, रजनीत सिंह सोनू, अमरनाथ शर्मा, हरप्रीत सिंह निज्जर, गुरविंदर सिंह, सुखवंत सिंह, सुखदेव सिंह, गुरमीत सिंह पिंकू, आईपी बराड़, अजीत प्रताप रंधावा, मनोज गुप्ता, सतनाम सिंह रंधावा, गुरप्रीत सिंह बिट्टू, गुरुदेव लाहोरिया आदि थे।






# गूलरभोज की टीम बनी चैंपियन

गूलरभोज(उद संवाददाता) स्वर्गीय राजेश राजभर की स्मृति में दो दिवसीय कबड्डी मैच के अंतर्गत गूलरभोज वार्ड नंबर 5 गडार बस्ती में फाइनल मैच खेला गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा नेता अतुल पांडे ने 5100 रुपए और ट्रॉफी देकर विजेता टीम को सम्मानित किया। उपविजेता टीम को 2100 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बाजपुर टीम के 44 पॉइंट और गूलरभोज टीम के 49 पॉइंट रहे। गूलरभोज टीम ने कबड्डी का मैच 5 पॉइंट से जीत लिया। संचालन भूपेंद्र आर्य ने किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, तरुण दुबे, चंद्रिका प्रसाद राजभर, रमेश सागर, नरेश कुमार, जयप्रकाश पांडेय, मुकेश राजभर, सचिन यादव, अमित कुमार गुप्ता, पूनम आर्य आदि उपस्थित थे।

# विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखंड बाजपुर की ग्राम पंचायत जोगीपुरा एवं राजपुरा नं-2 एवं सितारगंज ग्राम पंचायतें हरैया एवं बिचुवा एवं रुद्रपुर ग्राम पंचायत-गंगापुर लोहरी एवं छतरपुर गदरपुर ग्राम पंचायत-जाफरपुर एवं लंबाखेड़ा, जसपुर की ग्राम पंचायतें नादेही एवं पूरनपुर में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विकास विभाग नलकूप विभाग खाद्य विभाग, पेयजल विभाग,समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग द्वारा स्टाल लगाई गई। उक्त आयोजित कार्यक्रमों में विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को आई.ई.सी प्रचार वाहन की एलईडी के माध्यम से विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया साथ ही मौके पर लाभार्थियों को संबंधित विभागों द्वारा राज सहायता पर निवेशों/सामग्रियों का वितरण भी किया गया। समस्त कार्यक्रमों में लाभार्थियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव साझा किया गया। समस्त ग्राम पंचायतों में हेल्थ कैंप भी लगाए गए जिसमें लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# चिकित्सा कैंप की तैयारियों पर की चर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सारथी फाउंडेशन समिति की एक बैठक विमल कुंज छोटी मुखानी में आयोजित की गई। बैठक में आगामी लगने वाले चिकित्सा कैंप को सफल बनाने को लेकर विस्तार से सभी सदस्यों से चर्चा की गई। बैठक में स्थान और समय को लेकर भी गहन चर्चा कर निश्चित किया गया। बैठक में संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने कहा कि संस्था हमेशा समाज में बेहतर कार्य करने के लिए जानी जाती है। हम सभी को उनके अनुरूप कार्य कर चिकित्सा शिविर को भी सफल बनाना है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस कैंप का फायदा उठा सकें। बैठक का संचालन ज्ञानेंद्र जोशी ने किया। बैठक में नवीन पंत, ज्ञानेंद्र जोशी, योगेश पांडे, जाकिर हुसैन, मंजू सनवाल, हेमा जोशी, मीना शाही, पूजा पंत, भावना जोशी, गीता बेलवाल, वर्षा टंडन, रंजना जोशी, रमा जोशी, तारा बिष्ट, बबिता टकवाल, कमला जोशी, आनंद आर्य, संतोष गौड़, विवेक आदि उपस्थित रहे।



# एसपी सिटी ने दिए विवेचनाओं में गुणवत्ता लाने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसपी सिटी हरबन्स सिंह ने थाना मुखानी के विवेचकों का आदेश कक्ष लेकर उन्हें विवेचना के निस्तारण हेतु सख्त निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि थाने में चोरी, नकबजनी से संबंधित अधिकांश अभियोग लंबित चल रहे हैं। अभियुक्त गणों की तलाश कर शत प्रतिशत माल बरामद करते हुए अभियोग का शीघ्र निस्तारण करें। विवेचकों द्वारा जिन विवेचनाओ में कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है उनमें 3 दिवस में आरोप पत्र दाखिल करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 3 साल से अधिक और पार्ट पेंडिंग पुनर्विवेचना विवेचना को अकारण लंबित रखने के कारण उन विवेचनाओं को तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। अत: उन विवेचनाओं को एक सप्ताह के अंतर्गत निस्तारण कर कृत कार्रवाई से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम में चोरी की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है तथा थाना मुखानी क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ने की संभावनाएं होती हैं। जिस कारण रात्रि गश्त को अच्छे से ब्रीफ करते हुए घटनाओं पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। जो शिकायती प्रार्थना पत्र एक माह से अधिक समय से लंबित है उनका तत्काल सेवा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत दिए प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करें। थाना क्षेत्र में रह रहे बाहरी व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए उनका शतप्रतिशत सत्यापन करें। जिन विवेचनाओं के निस्तारण हेतु



एक सप्ताह का समय दिया गया है उन विवेचनाओं का तत्काल एक सप्ताह के अंतर्गत निस्तारण करें। यदि किसी अभियोग में अभियुक्त की गिरफ्तारी तलाश हेतु अन्य राज्यों में दबिश जानी है तो उसमें नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। आदेश कक्ष के दौरान दिए गए समस्त निर्देशों का पालन कर लंबित विवेचनाओं का एक सप्ताह के अंतर्गत विधिक निस्तारण करना सुनिश्चित करें।आदेश कक्ष के दौरान प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष एवं अन्य उपनिरीक्षक विवेचक उपस्थित रहे।

# चोरी के माल सहित दो दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना पुलिस ने गत दिनों ग्राम भगवानपुर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोरी के मॉल सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 9 दिसंबर को प्रवीण सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी भगवानपुर ने अपने आवास में हुई चोरी की घटना पर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना उनि सुनील गोस्वामी द्वारा की जा रही थी। घटना व के अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा टीमों का गठन किया गया। प्रमोद पाठक थाना अध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में उ0नि0 सुनील गोस्वामी द्वारा मय पुलिस टीम



के साथ लामाचौड़ चौराहे से कमलवागंजा की तरफ दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता प्रशांत महाजन पुत्र प्रकाश निवासी शिव नगर गिरी ताल निकट, चीमा चौराहा कोतवाली काशीपुर तथा राजीव मेहरा पुत्र रमेश कुमार निवासी टॉफेल बाद नियर कटोरा ताल पुलिस चौकी कोतवाली काशीपुर बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक बैग के अंदर 3 रिजर्वेशन टिकट, सीडी, चाबियों का गुच्छा, आईडी कार्ड, मोबाइल चार्जर, एक हार्ड डिस्क, कुल 2500 रुपया, एक घडी बरामद हुई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुनील गोस्वामी, कॉन्स्टेबल कुन्दन सिंह, महबूब अली व महिला कांस्टेबल निर्मला नेगी शामिल थे।

# चुघ ने किया रक्तवीरों को सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने उधम सिंह नगर के दो रक्तवीरों हेल्प टू अदर्स सोसाइटी के जगजीत सिंह (गोल्डी) और दिलजीत सिंह (बबला) को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड को रक्तसेवा क्षेत्र में पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है। उत्तराखंड में यह गर्व का विषय है कि निमती एसटी स्पोर्टिंग क्लब द्वारा भूटान बॉर्डर पर अलीपुर द्वार वेस्ट बंगाल में अंतर्राष्ट्रीय सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कई देशों के रक्तवीर पहुंच रहें है। साथ ही उत्तराखंड के उधम सिंह नगर से हेल्प टू अदर्स सोसाइटी के जगजीत सिंह (गोल्डी) और दिलजीत सिंह (बबला) को इंटरनेशनल रक्तक्रांति अवार्ड सेरेमनी से नवाजा जाएगा। डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने शाल पहनाकर दोनों रक्तवीरो को सम्मान लेने के लिए शुभकामनाएं देकर भूटान के लिए रवाना किया और कहा कि



दोनों रक्त वीरों को सम्मान दिया जाएगा यह पूरे उत्तराखंड के लिए बहुत सम्मान का समय है। जब यह सम्मान मिलेगा तो उधम सिंह नगर मे सभी लोग खुशी से मनायेंगे। उन्होंने कहा कि वापसी पर दोनो रक्त वीरों का भव्य स्वागत किया जायेगा। इस मौके पर समाज सेवी हरविंदर सिंह चुघ ने भी दोनो रक्तवीरों को बधाई दी और कहा रक्त सेवा के क्षेत्र में लाने वाले दोनों मेरे गुरुओं को पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल रहा है यह मेरे लिए भी बहुत गर्व की बात है।

# इनवेस्टर्स समिट की सफलता पर शुक्ला ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

किच्छा(उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने देहरादून मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर एफ आर आई परिसर देहरादून में आयोजित हुए दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 को संपन्न कराने पर बधाई दी।कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केआत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता से ही यह संभव हो पाया है कि प्रदेश में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में साढे तीन लाख करोड के एमओयू हुए हैं। संपन्न हुए इन्वेस्टर समिट से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर एवं पहाड़ों से पलायन रोकने में हम भूमिका निभाएगा। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से प्रदेश के युवा नेतृत्व,



ऊर्जावान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्य क्षमता की प्रशंसा की निश्चित रूप से भविष्य में इसका लाभ उत्तराखंड को मिलेगा। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के समापन में पहुंचे देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि उत्तराखंड को अटल जी ने बनाया जिसे मोदी जी सवार रहे हैं। आने वाला दशक उत्तराखंड का दशक है। कहा कि पुष्कर सिंह धामी के आत्मविश्वास से ही एक ही समिट में ऐतिहासिक 3.5 लाख करोड का एम ओ यू होना प्रदेश को विकास के नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

# पूर्व सैनिकों ने मनाया भदोरिया विजय दिवस

खटीमा। 17 कुमाऊं रेजीमेंट के पूर्व सैनिकों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भदोरिया विजय दिवस मनाया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने कुमाऊंनी संस्कृति से ओतप्रोत गीत व छबील प्रस्तुत किया। टनकपुर मार्ग स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित भदोरिया विजय दिवस का सूबेदार मदन सिंह ने शुभारंभ किया। उन्होंने



1971 के पाक–बांग्लादेश युद्ध के अनुभव साझा करते हुए कहा कि युद्ध के सीमित संसाधनों के बाद भी भदोरिया पर कब्जा किया। 1971 के बांग्लादेश–पाक युद्ध में 17 कुमाऊं रेजीमेंट ने 55 जवान व सेनाधिकारी खोने के बाद 10–11 दिसंबर को भदोरिया पर कब्जा जमाया। वहां पर मुख्य अतिथि सूबेदार मदन सिंह, अमर सिंह बोरा, कैप्टन निर्मल सिंह बसेड़ा, राम सिंह खोलिया, ललित चंद, राजेंद्र अधिकारी आदि थे।

# मंजू राणा को मिली अस्मिता खेलों इंडिया महिला लीग में टेक्निकल ऑफिशियल की जिम्मेदारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय खेल प्राधिकरण व योगासन भारत द्वारा आयोजित होने वाली अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग(नॉर्थ जोन)में योग प्रशिक्षिका मंजू राणा को टेक्निकल ऑफिशियल नियुक्ति किया गया हैं। वर्तमान में योग प्रशिक्षिका मंजू राणा शहर के जेसीज पब्लिक स्कूल में योग प्रशिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग हेतु भारत भर से विभिन्न जोन प्रतियोगिताओं के कई तकनीकी ऑफिशियल्स का चयन हुआ है। जिसमें मंजू राणा के तकनीकी कार्य को देखते हुए उनका भी चयन हुया हैं। और यह उत्तराखंड राज्य व जनपद ऊधम सिंह नगर के लिए गौरव का विषय हैं कि इतने महवपूर्ण आयोजन में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व तकनीकी ऑफिशियल के रूप में कर रही है। यह प्रतियोगिता 16,17 दिसंबर 2023 को लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब में अयोजित होगी। सभी तकनीकी ऑफिशियल्स व निर्णायकों का चयन उनके क्वालिफिकेशन व गुणवत्ता के आधार पर किया गया है। योग प्रशिक्षिका मंजू राणा ने बताया कि केंद्रीय युवा मामले और खेल





मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रतिष्ठित खेलो इंडिया महिला लीग को अब से "अस्मिता महिला लीग" के रूप में मान्यता दी है। यह उद्देश्यपूर्ण परिवर्तन लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और खेल के क्षेत्र में महिलाओं की जीवंत भागीदारी को बढ़ावा देने के कदम उठाया गया है। "अस्मिता महिला लीग," एक गहरा अर्थ रखता है। जिसमें अस्मिता का अर्थ है " अचिविंग भारत माइलस्टोन में इंस्पायरिंग वूमेन थ्रो एक्शन", लचीलापन, दृढ़ संकल्प और उपलब्धि की भावना को समाहित करता है जो पूरे देश में महिला एथलीटों को परिभाषित करता है। यह बदलाव न केवल एक नई पहचान प्रदान करता है बल्कि उन अनगिनत महिलाओं की आकांक्षाओं का भी प्रतीक है जो खेल क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने का प्रयास करती हैं। और आगे उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में चयनित होने पर सेक्रेटरी जनरल व इंटरनेशनल कोऑर्डिनेटर ऑफ पतंजलि योगपीठ डॉ. जयदीप आर्य एवं योगासन भारत जॉइंट सेक्रेटरी और नेशनल कंपटीशन डायरेक्टर डॉ. आरती पाल द्वारा संयुक्त रूप से उन्हे शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। इस उपलब्धि पर उत्तराखंड राज्य के विभिन्न खेल संगठनों व पदाधिकारियों, जेसीज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुरजीत सिंह ग्रोवर, प्रधानाचार्य, जिला जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती सहित अनेकों लोगों ने बधाई दी।

# ग्राम प्रधान संगठन की बैठक में बनाई आंदोलन की रणनीति

सितारगंज(उद संवाददाता)। प्रधान संगठन उत्तराखंड की बैठक प्रदेश अध्यक्ष भास्कर संभल एडवोकेट की अध्यक्षता में देहरादून स्थित गोरखाली सुधार सभा गड़ीकेंट में आयोजित की गयी। जिसमें पूरे प्रदेश के सभी 13 जिलों के प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने शिरकत की।बैठक में ग्राम प्रधानों को विकास कार्य करने में आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु सरकार को ज्ञापन प्रेषित करने तथा शीघ्र मांगों का निस्तारण न होने की स्थिति में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कोरोना काल से पंचायत प्रतिनिधियों के प्रभावित कार्यकाल को वर्ष 1991के



भूकंप के समय के प्रतिनिधियों की तर्ज पर 2 वर्ष का कार्यकाल बढ़ाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया ताकि एक राज्य एक चुनाव की अवधारणा भी सही मायने में साकार हो सके। इससे हरिद्वार के चुनाव भी एक साथ हो पाएंगे।दूसरा प्रस्ताव केंद्रीय वित्त की अभी तक वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर होने पर किस्त की धनराशि पूर्ण रूप से नहीं प्राप्त हो पायी है, उक्त धनराशि को शीघ्र पंचायत के खातों में हस्तांतरित किया जाए।बैठक में प्रधान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष भास्कर सम्मल, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट,टिहरी जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राणा,पिथौरागढ़ जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह सौंन,उपाध्यक्ष खीमानन्द बिनवाल,प्रदेश उपाध्यक्ष मीनू क्षात्रीय,बलवंत रावत,दिनेश भसनीयाल,रंजीत भंडारी,धर्मदत्त डिमरी,चंद्रशेखर पवार,धन सिह सजबाण,विनोद बिजल्बाण,गोपाल सिह,अंकित रावत,बृजमोहन बहुगुणा,नारायण सिंह अधिकारी,देवेन्द्र सिंह,कृष्णा गोस्वामी,लव कुमार,संन्देश कुमार,मुकेश कुमार,रजनी देवी,मीना थापली,सोबन पुण्डीर आदि उपस्थित रहे।

# हरबंस कपूर की स्मृति में मैराथन दौड़ 13 दिसंबर को

देहरादून (उद संवाददाता)।अपने चार दशक के राजनैतिक जीवन में आठ बार के विधायक रहे स्व.हरबंस कपूर की स्मृति में नशामुक्ति अभियान को लेकर 13 दिसम्बर को सुबह साढ़े सात बजे मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ अम्बेडकर स्टेडियम राजेन्द्रनगर से जीएमएस रोड चौधरी फार्महाउस तक होगी। कैंट विधायक सविता कपूर ने दूनवासियों से बढ़चढ़कर इस मैराथन दौड़ में हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हरबंस कपूर स्मृति ट्रस्ट के माध्यम से यह दौड़ आयोजित की जा रही है। उन्होंने जीवन पर्यन्त नशा मुक्ति को लेकर युवाओं को जागरुक करने का काम किया। उन्होंने नशा मुक्ति के लिए अपने व पार्टी स्तर पर कई मंचों पर सक्रियता से काम किया। वह युवाओं की सेहत व सकारात्मक ऊर्जा के बेहतर इस्तेमाल को लेकर बेहद सक्रिय रहते थे। यही वजह है कि वह युवाओं में लोकप्रिय रहे और उनका राजनैतिक जीवन इतना लम्बा रहा।

उत्तरांचल दर्पण

# सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अदालतों का उपदेश

अदालतों से अपेक्षा की जाती है कि वे किसी मामले पर सुनवाई करते और फैसला सुनाते वक्त केवल उसके कानूनी पक्षों पर गौर करें। किसी प्रकार के भावनात्मक या राजनीतिक दबाव में न आएं और न अपनी धारणाओं के आधार पर कोई नैतिक स्थापना करने का प्रयास करें। मगर कई बार अदालतें इस तकाजे को भूल जाती हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों की पीठ से भी यही चूक हुई। यौन शोषण के एक मामले में फैसला सुनाते हुए भावनात्मक दबाव में उन्होंने कानून के बजाय नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि मान लिया। मामला एक लड़की के यौन उत्पीड़न का था। उसमें न्यायालय ने आपसी रजामंदी से संबंध बनाने का मामला माना और लड़के को पाक्सो अधिनियम के तहत सजा से बरी कर दिया। इसके साथ ही लड़की को नसीहत दी कि लड़कियों को शारीरिक इच्छाओं पर काबू पाने का प्रयास करना चाहिए। लड़के को सीख दी कि उसे लड़कियों की गरिमा का सम्मान करना सीखना चाहिए। इस फैसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान ले लिया और कहा कि अदालत का काम उपदेश देना नहीं होता। इस फैसले से संविधान के अनुच्छेद इक्कीस के तहत नागरिकों को मिले मूल अधिकारों का हनन होता है। ऐसी टिप्पणी न केवल आपत्तिजनक, बल्कि अनावश्यक है। सर्वोच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से पूछा है कि क्या वह उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपील करना चाहेगी। जाहिर है, इस मामले में नए सिरे से सुनवाई होगी। इस प्रकरण से एक बार फिर अदालतों के पूर्वाग्रह ग्रस्त होकर काम करने को लेकर सवाल गाढ़ा हुआ है। इसके कुछ महीने पहले ही सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात उच्च न्यायालय की तरफ से आए कुछ फैसलों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि हैरानी है कि गुजरात की अदालतों से ऐसे फैसले क्यों आ रहे हैं। उच्च न्यायालयों के संवेदनशील फैसलों पर अक्सर सर्वोच्च न्यायालय नजर रखते हुए उन्हें दिशा-निर्देश देता रहता है। मगर छोटी अदालतों से जब-तब पक्षपातपूर्ण फैसलों की शिकायतें आती रहती हैं। हालांकि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश प्राय: मामलों पर गंभीरता से सुनवाई करते देखे जाते हैं, पर उनके फैसलों पर भी पक्षपात संबंधी शिकायतों की कमी नहीं है। अक्सर सत्तापक्ष या रसूखदार लोगों के पक्ष में आने वाले फैसलों को लेकर उन पर अंगुलियां उठती रहती हैं। स्वाभाविक ही इससे न्यायपालिका की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले पर कड़ा रुख दिखाया है, तो इससे दूसरी अदालतों को भी सबक मिलेगा। पिछले कुछ समय से न्यायिक सक्रियता को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं, खासकर सत्ता पक्ष की ओर से। अनेक मामलों में देखा गया है कि अदालतें सुनवाई के दौरान कुछ ऐसी मौखिक टिप्पणियां करती हैं, जो मीडिया की सुर्खियां बन जाती हैं। हालांकि उन टिप्पणियों का अंतिम फैसले में कहीं कोई उल्लेख नहीं होता। जबकि अदालतों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी राय या अवलोकन टिप्पणी के रूप में दर्ज करें। मगर यह प्रवृत्ति जैसी बनती जा रही है कि कुछ न्यायाधीश सुनवाई करते या फैसला सुनाते वक्त मौखिक रूप से कुछ ऐसी चमकदार बातें अवश्य करने का प्रयास करते देखे जाते हैं, जिन्हें मीडिया में जगह मिल सके। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने भी शायद इसी मंशा से शारीरिक इच्छा पर काबू पाने वाली नसीहत दी होगी। मगर न्यायिक तकाजा उन्हें इस बात की इजाजत नहीं देता कि उनके किसी बयान से कानूनी प्रावधान प्रभावित हों।

# काली कमाई का खुला खजाना

झारखंड से राज्यसभा सदस्य और शराब कारोबारी धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों पर आयकर विभाग द्वारा की गई छोपमारी में 300 करोड़ से भी ज्यादा की नगद धनराशि बरामद हुई है। माना जा रहा है कि किसी एक अभियान में अब तक बरामद हुआ यह सबसे अधिक बेहिसाबी धन हैं। यह धन 10 अलमारियों में ठूंसा हुआ था। अभी भी कुछ कमरे और नौ लॉकर खोले जाने बाकी हैं। अतएव धनराशि और भी बढ़ सकती है। इसके पहले कानपुर के इत्र कारोबारी पियूष जैन के ठिकानों से अरबों की काली कमाई मिली थी। इस व्यापारी के पास से 280 करोड़ रुपए नकद, 250 किलो चांदी, 23 किलो सोने की ईंटें बरामद की गई थीं। 6 करोड़ का 600 किलो चंदन और 400 करोड़ की अचल संपत्ति के दस्तावेज भी मिले थे। देश उस समय भी दंग रह गया था, जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार के मंत्री पार्थ चटर्जी की महिला मित्र के यहां से 50 करोड़ रुपए नगद बरामद किए गए थे। उन्होंने यह धन शिक्षकों की भर्ती में धांधली करके जुटाया था। ममता ने तो नैतिकता का पालन करते हुए पार्थ को मंत्री पद से हटा दिया था, लेकिन कांग्रेस ने धीरज साहू को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है। इसके उलट धीरज को बड़ा और पुश्तैनी उद्योगपति बताकर उनका बचाव किया जा रहा है। झारखंड की ही आईएएस पूजा सिंघल के करीबी के यहां से प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने नगद 17 करोड़ रुपए बरामद किए थे। पूजा खनिज विभाग से जुड़ी थीं। इससे जाहिर होता है कि अधिकारी, ठेकेदार और नेताओं का गठजोड़ बड़े पैमाने पर गोरखधंधों में लिप्त हैं। आखिर काले धन के ये कुबेर रातों रात इतना बड़ा साम्राज्य खड़ा करने में कैसे सफल हो रहे हैं। यह सवाल तब और महत्वपूर्ण हो जाता है, जब अनेक कानून ऐसे बना दिए गए हैं, जिनके चलते काली कमाई सिर्जित ही न होने पाए ? कालेधन की महिमा अपरंपार है। इसे देश में ही रोकने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने कई नए कानून बनाए और नोटबंदी भी की, लेकिन नतीजा शून्य रहा। उल्लू पर सवार लक्ष्मी के विदेश में ठिकाने अभी भी बने हुए हैंयह देश की कानून और अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का सबब है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक द्वारा जारी सालाना रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक भारतीयों का निजी एवं कंपनियों का धन स्विस बैंकों में साल 2020 में बढ़कर करीब 20,700 करोड़ रुपए हो गया है। यह धन स्विस बैंकों की भारतीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के जरिए पहुंचाया गया। स्विस नेशनल बैंक



के अनुसार यह धन 2019 की तुलना में 3.12 गुना ज्यादा है। राजग सरकार सत्ता में आई है तब से लगातार यह दावा करती रही है कि विदेशों में जमा काला धन देश में वापस लाने और देश के भीतर कालाधन पैदा न हो इस मकसद पूर्ति के लिए ठोस व कारगर कोशिशें की गई हैं। बावजूद न तो कालाधन वापस आया और न ही नया कालाधन बनने से रुक पाया। हालांकि राजग सरकार ने कालाधन पर अंकुश लगे, इस दृष्टि से ऐसे कानूनी उपाय जरूर किए हैं, जो कालेधन के उत्सर्जन पर अंकुश लगाने वाले हैं। लेकिन स्विस बैंक द्वारा जारी आंकड़ों और धीरज साहू और पियूष जैन के ठिकानों से मिले कालाधन ने साफ कर दिया है कि ये उपाय महज हाथी के दांत हैं। हालांकि मोदी सरकार ने कालेधन पर अंकुश के लिए 'कालाधन अघोषित विदेशी आय एवं जायदाद और आस्ति विधेयक-2015' और कालाधन उत्सर्जित ही न हो, इस हेतु 'बेनामी लेनदेन निषेध विधेयक अस्तित्व में ला दिए हैं। ये दोनों विधेयक इसलिए एक दूसरे के पूरक माने जा रहे थे, क्योंकि एक तो आय से अधिक काली कमाई देश में पैदा करने के स्रोत उपलब्ध हैं, दूसरे इस कमाई को सुरक्षित रखने की सुविधा विदेशी बैंकों में हासिल है। लिहाजा कालाधन फल फूल रहा है। दोनों कानून एक साथ वजूद में आने से यह उम्मीद जगी थी कि कालेधन पर कालांतर में लगाम लगेगी, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात रहा। सरकार ने कालाधन अघोषित विदेशी आय एवं जायदाद और कर आरोपण-2015 कानून बनाकर कालाधन रखने के प्रति उदारता दिखाई थी। इसमें विदेशों में जमा अघोषित संपत्ति को सार्वजानिक करने और उसे देश में वापस लाने के कानूनी प्रावधान हैं। दरअसल कालेधन के जो कुबेर राष्ट्र की संपत्ति राष्ट्र में लाकर बेदाग बचे रहना चाहते हैं, उनके लिए अघोषित संपत्ति देश में लाने के दो उपाय सुझाए गए हैं। वे संपत्ति की घोषणा करें और फिर 30 फीसदी कर व 30 फीसदी जुर्माना भर कर शेष राशि का वैध धन के रूप में इस्तेमाल करें। इस कानून में प्रावधान है कि विदेशी आय में कर चोरी प्रमाणित हाती है तो 3 से 10 साल की सजा के साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसी प्रकृति का अपराध दोबारा करने पर तीन से 10 साल की कैद के साथ 25 लाख से लेकर एक करोड़ रुपए तक का अर्थ-दण्ड लगाया जा सकता है। जाहिर है,कालाधन घोषित करने की यह कोई सरकारी योजना नहीं थी। अलबत्ता अज्ञात विदेशी धन पर कर व जुर्माना लगाने की ऐसी सुविधा थी, जिसे चुका कर व्यक्ति सफेदपोष बना रह सकता है। ऐसा ही उपाय प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने देशी कालेधन पर 30 प्रतिशत जुर्माना लगाकर सफेद करने की सुविधा दी थी। इस कारण सरकार को करोड़ों रुपए बतौर जुर्माना मिल गए थे अरबों रुपए सफेद धन के रूप में तब्दील होकर देश की अर्थव्यस्था मजबूत करने के काम आए थे। कालाधन उत्सर्जित न हो, इस हेतु दूसरा कानून बेनामी लेनदेन पर लगाम लगाने के लिए लाया गया था। इस संषोधित विधेयक में बेनामी संपत्ति की जब्ती और जुर्माने से लेकर जेल की हवा खाने तक का प्रावधान है। साफ है,यह कानून देश में हो रहे कालेधन के सृजन और संग्रह पर अंकुश लगाने के लिए हैं, लेकिन ठीक से अमल नहीं हो पा रहा है। अभी तक देश में यह साफ नहीं है, कि आखिरकार कालाधन बनता कैसे है ? अर्थशास्त्र में भी इसकी कोई स्पष्ट परिभाषा निर्धारित नहीं है। कुछ अर्थशास्त्री इसे समानांतर अर्थव्यवस्था के नाम से जानते हैं, तो कुछ इसे काली या अवैध कमाई का हिस्सा मानते है। वैसे कालाधन वह राशि होती है, जो लेखे- जोखे और आयकर से बाहर रख ली जाती है। सरकारी अधिकारी, कर्मचारी इसे भ्रष्टाचार के जरिए सृजित करते हैं। इस राशि को स्विस बैंकों में तो जमा किया ही जाता है, अलबत्ता देश में इसे मनोरंजन, भोग-विलास, सट्टेबाजी, चल-अचल संपत्ति की खरीद-फरोक्त, सोने-चांदी की खरीद, चुनावों में वित्त-पोषण और पेड न्यूज में भी खर्च किया जाता है। देशी- विदेशी पर्यटन, महंगी और विदेशी शिक्षा व इलाज में भी इस राशि का खूब इस्तेमाल हो रहा है। गोया, भ्रष्टाचार और अपराध इसी के सह-उत्पादों के रूप में सामने आ रहे हैं। गुलाबी अर्थव्यवस्था के पैरोकार इसे ही समानांतर अर्थव्यवस्था मानते हुए, इसे बने रहने की दलीलां देते रहते हैं, जबकि यह धनराशि कल्याणकारी योजनाओं को पलीता लगाने के साथ नागरिकों के बीच आर्थिक विसंगति बढ़ाने का काम कर रही है। अतएव कालेधन के उत्सर्जन पर प्रतिबंध हर हाल में लगना ही चाहिए ?

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# कर्मचारियों ने किया मुख्यमंत्री आवास कूच

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने रविवार को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास कूच किया, जिसमें प्रदेशभर के कार्मिक संगठनों के शीर्ष पदाधिकारी, सदस्य, शिक्षक व अधिकारी शामिल हुए। सभी ने एक सुर में पुरानी पेंशन बहाल होने तक आंदोलन जारी रखने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री आवास कूच के लिए कर्मचारी परेड मैदान में एकत्र हुए। यहां से जुलूस के रूप में मुख्यमंत्री आवास को निकले। मगर पुलिस ने उन्हें हाथीबड़कला में बेरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। जिसे लेकर पुलिस व कर्मचारियों के बीच तीखी झड़प हुई। कर्मचारियों ने बेरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस-कर्मचारियों के संघर्ष में कुछ कार्मिकों के कपड़े भी फट गए। कुछ कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। इस बीच कर्मचारी सड़क पर धरने पर बैठ गए। बाद में मुख्यमंत्री कार्यालय से वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी इंद्र सिंह कड़ाकोटी ज्ञापन लेने पहुंचे। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से वार्ता का आश्वासन मिलने पर ही कूच स्थगित करने की बात कही। जिस पर कड़ाकोटी ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री उन्हें वार्ता के लिए बुलाएंगे। कहा कि मुख्यमंत्री इस विषय पर गंभीर हैं और शीर्ष अधिकारियों के साथ तीन



दौर की वार्ता कर चुके हैं। कूच में राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चौहान, फेडरेशन आफमिनिस्टीरियल सर्विसेज के प्रदेश महासचिव मुकेश बहुगुणा, राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव सिंह नेगी, प्रदेश अध्यक्ष जयदीप रावत, प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल, प्रदेश प्रभारी विक्रम सिंह रावत, प्रदेश महिला अध्यक्ष बबीता रानी, गढ़वाल मंडल महिला अध्यक्ष रश्मि गौड़, प्रांतीय प्रवक्ता डा. कमलेश कुमार मिश्रा, गढ़वाल मंडल अध्यक्ष पूर्ण सिंह फर्स्वाण, सचिव नरेश कुमार भट्ट, माखन लाल शाह, अमित ममगाई, गिरीश पनेरु, नरेंद्र पटवाल, सुभाष झल्डियाल, रविंद्र राणा, कुलदीप कंडारी, संजय भास्कर, सुभाष रौथाण, दिनेश भंडारी, महावीर मेहता, अनिल नौटियाल, संजय बिजलवान, अनीता गोसाई, जीवंती नेगी, जगदीश चिलवान, राजेश भट्ट, वीरेंद्र गुसाईं, प्रदीप घिल्डियाल, जसपाल केमवाल, संग्राम सिंह नेगी, संजय नेगी, आलोक रौथाण आदि उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी मेमोरियल स्थापित करने की मांग

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तरकाशी के 100 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी चिंद्रिया लाल इन दिनों दून अस्पताल में भर्ती हैं। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल में जाकर उनका हाल जाना। बता दें 100 वर्षीय चिंद्रिया लाल के शरीर में इंफेक्शन हो गया था। जिसके बाद से दून अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। रविवार को सीएम धामी ने दून अस्पताल में जानकार उनका हाल जाना। इस दौरान उनका उपचार कर रहे चिकित्सकों से भी उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली।



स्वतंत्रता सेनानी चिंद्रिया लाल ने अपने बेटे चिरंजीव से प्रधानमंत्री मोदी को चिठ्ठी लिखवाकर अपनी अंतिम इच्छा बताई है। उन्होंने चिठ्ठी में लिखवाया केंद्रीय और राज्यों की शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रम में आजादी का इतिहास और सेनानियों की जीवनी को प्रमुखता देने के साथ ही भूखंड आवंटित किया जाए। स्वतंत्रता सेनानी ने कहा कि दिल्ली में स्वतंत्रता सेनानी मेमोरियल और सेनानी सदन स्थापित किया जाए। इसके साथ ही केंद्रीय व राज्य सेवाओं में 10 फीसदी लंबवत आरक्षण तीसरी पीढ़ी तक लागू किया जाए। स्वतंत्रता सेनानी ने कहा केंद्र सरकार की ओर से पूर्व में गठित की गई एमिनेंट कमेटी में प्रथम पीढ़ी के उत्तराधिकारियों को वयोवृद्ध सेनानियों की जगह शामिल करने की मांग की।

# क्षतिग्रस्त मालन पुल का आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने किया निरीक्षण

## पुल के निर्माण के लिए आएगी 28.01 करोड़ की लागत, नये पीलर बनेंगे

कोटद्वार। लोनिवि दुगड्डा की ओर से बीते 13 जुलाई को टूटे मालन पुल के पुनर्निर्माण की कवायद तेज कर दी गई है। रविवार को आईआईटी बीएचयू (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) के विशेषज्ञों ने क्षतिग्रस्त मालन पुल का निरीक्षण कर इसके लिए तैयार किए गए डिजाइन को हरी झंडी दे दी है। पिलर को वेल फाउंडेशन तकनीक पर बनाया जाएगा और अन्य स्ट्रक्चर पुराना ही होगा। डिजायन के साथ ही निर्माण के लिए बनाई गई डीपीआर को शासन को भेज दिया गया है। शासन से स्वीकृति मिलते ही टेंडर निकाल दिए जाएंगे। देर से ही सही, लोनिवि दुगड्डा की ओर से मालन पुल निर्माण के लिए डिजाइन और डीपीआर तैयार कर शासन को भेज दी गई है। रविवार को आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर केके पाठक की अगुवाई में विशेषज्ञों के दल ने मालन नदी में पहुंचकर धरातलीय निरीक्षण किया। उनके साथ लोनिवि के अधिक्षण अभियंता पीएस बृजवाल और अधिशासी अभियंता डीपी सिंह मौजूद थे। अधिशासी अभियंता डीपी सिंह ने बताया कि मालन पुल पर तमाम अध्ययन के बाद आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने पुल का डिजाइन फाइनल कर लिया है। पुल के सभी 12 पिलर को वेल फाउंडेशन तकनीक पर बनाया जाएगा। पिलर को छोड़कर अन्य स्ट्रक्चर पुराना ही रहेगा जिसे मशीनों से उतारा और रखा जाएगा। पुल के निर्माण के लिए 28.01 करोड़ की लागत आएगी। लोनिवि के प्रमुख अभियंता दीपक कुमार यादव की ओर से उक्त डिजाइन व डीपीआर सचिव लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया गया है। पुल टूटने के बाद से ही भाबर के 35 गांवों की करीब 50 हजार की आबादी वैकल्पिक कच्चे मार्गों से आवागमन कर परेशानी झेलने के लिए मजबूर हैं।



# रूद्रपुर महाविद्यालय में सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर छात्रों ने दिया धरना



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के छात्रों ने आज एमएससी व एमकॉम कक्षाओं में सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर कालेज परिसर में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर धरना दिया। छात्रों का कहना है कि कालेज में एएमएससी व एमकॉम की कक्षाओं में सीमित सीटें होने के कारण बहुत से विद्यार्थी प्रवेश पाने से वंचित रह जाते है। जिससे उनका भविष्य प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि कालेज प्रबंधन द्वारा सीटें बढ़ाने के लिए शासन प्रशासन से पत्राचार नहीं किया जा रहा है। जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने 50 प्रतिशत अंक पाने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रवेश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में पूर्व कई बार मांग की जा चुकी है लेकिन उन्हें सिफ आश्वासन ही दिया गया। इस दौरान जसवंत सिंह, मोनू, आकाश कुमार, अजीम अहमद, पवन मेहरा, रजत बिष्ट, जसबीर गंगवार, कमल जोशी, गुरबाज सिंह, निशा जोशी, विराट सिंह,जाकिर अहमद, लाला यादव, युवराज गंगवार व पवन बिष्ट आदि मौजूद थे।

# सड़कों पर उतरे खनन कारोबारी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गौला में खनन को निजी हाथों में देने के खिलाफ खनन कारोबारियों ने मोर्चा खोला हुआ है। बीते कई दिनों से खनन कारोबारी इसका विरोध कर रहे हैं। सोमवार को हल्द्वानी में खनन कारोबारियों ने सड़कों पर उतर कर धरना प्रदर्शन किया। गौला में खनन को निजी हाथों में देने के खिलाफ आज हल्द्वानी में गौला खनन संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में खनन कारोबारी सड़कों पर उतरे। खनन कारोबारियों ने बुध पार्क से एसडीएम कोर्ट तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गौला नदी में खनन को निजी हाथों में देने के साथ ही वाहनों की फिटनेस को पूर्व की भांति किए जाने की मांग को लेकर खनन कारोबारी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। जिसके बाद आज जुलूस निकालकर सभी वाहन स्वामियों ने एसडीएम कोर्ट में प्रदर्शन करते मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। खनन कारोबारियों का कहना है कि गौला खनन से लाखों लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है। इसे निजी हाथों में देकर सरकार उनके साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द सरकार ने उनकी मांगो पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो जल्द एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



# नगर में नये यातायात प्लान का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने कहा है कि पुलिस प्रशासन द्वारा नगर के यातायात व्यवस्था को



सुधारने के लिए बनाए गए रोड प्लान का नगर व्यापार मंडल स्वागत करता है। किंतु कुछ बिंदुओं पर रूट प्लान से नगर के व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें दिन के समय समान के ढोने की समस्या मुख्य रूप से है। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के आने के बाद इस बिंदु का भी निस्तारण किया जाएगा उन्होंने नए कोतवाल सुंदरम शर्मा द्वारा यातायात व्यवस्था को सुधारने हेतु बनाए गए रोड प्लान की जहां प्रशंसा की है वहीं उन्होंने कहा है कि व्यापारियों के सामान को लाने ले जाने के लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जाना चाहिए। नितिन फुटेला ने कहा है कि व्यापारी भी सड़कों पर सामान रखने की होड़ ना लगाए। व्यापारियों का हित ही व्यापार मंडल का हित है।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 70 लोगों का परीक्षण किया

किच्छा(उद संवाददाता)। भाई कन्हैया जी सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के आवास विकास स्थित गुरुद्वारा श्री नानक दरबार में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चीमा हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के न्यूरो सर्जन चिकित्सक डॉ धीरज पंत एवं डॉ शाही के नेतृत्व में अस्पताल की टीम ने शिविर में आए मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और निशुल्क दवा का वितरण किया। शिविर में करीब 70 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई एवं दवा प्राप्त कर शिविर का लाभ उठाया। समिति के मुख्य सेवादार जसवंत सिंह गंभीर ने बताया कि आमतौर पर धन अभाव के कारण गरीब एवं निर्धन व्यक्ति उच्च




चिकित्सा का लाभ नहीं उठा पाते हैं,उन्हीं पात्र लोगों को अच्छी चिकित्सा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन कराया गया है। शिविर में पहुंचे पंजाबी महासभा के नगर अध्यक्ष प्रवीण रहेजा ने समिति द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व में भी समिति द्वारा सैकड़ो निर्धन बच्चों को स्वेटर एवं पाठ्य सामग्री वितरित की गई तथा समाज सेवा के कार्यों में समिति का योगदान सराहनीय है। मौके पर चीमा हॉस्पिटल के मनिंदर सिंह मन्नू, रविंद्र सिंह, संजीव चक्रवर्ती, इंद्रजीत सिंह, मीनाक्षी, रेनू, संजना, मोहित माजीला के अलावा प्रवीण रहेजा, सुमित ठुकराल आदि मौजूद रहे। इधर नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा परिसर में जीवन ज्योति मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ तरुण, जनरल चिकित्सक डॉ सृष्टि, फिजिशियन डॉ रिजवान ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। मौके पर राजेंद्र सिंह रिक्की, सुमित दरगन, रणजीत सिंह गिल, पंकज शर्मा, प्रभजोत सिंह चीमा, दानिश, सुरेंद्र सेतिया आदि मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**अनुच्छेद** 370 **हटाने का फैसला....**राज्य का दर्जा बहाल हो। आर्टिकल 370 एक अस्थाई प्रावधान था। जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। जम्मू कश्मीर के पास कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लद्दाख को अलग करने का फैसला वैध था। फैसला सुनाते वक्त सीजेआई ने जम्मू-कश्मीर के संविधान में संप्रभुता का कोई जिक्र नहीं था। हालांकि, भारत के संविधान की प्रस्तावना में इसका उल्लेख मिलता है। भारतीय संविधान आने पर अनुच्छेद 370 जम्मू- कश्मीर पर लागू हुआ। सीजेआई ने कहा, अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर के संघ के साथ संवैधानिक एकीकरण के लिए था और यह विघटन के लिए नहीं था, और राष्ट्रपति घोषणा कर सकते हैं कि अनुच्छेद 370 का अस्तित्व समाप्त हो गया है। अनुच्छेद 370 का अस्तित्व समाप्त होने की अधिसूचना जारी करने की राष्ट्रपति की शक्ति जम्मू-कश्मीर संविधान सभा के भंग होने के बाद भी बनी रहती है। सीजेआई ने कहा, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की अधिसूचना देने की राष्ट्रपति की शक्ति जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के भंग होने के बाद भी बनी रहती है। अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाने का अधिकार जम्मू-कश्मीर के एकीकरण के लिए है। राष्ट्रपति द्वारा 370 निरस्त करने का आदेश संविधानिक तौर पर वैध है। सीजेआई ने कहा, जब राष्ट्रपति शासन लागू होता है तो राज्यों में संघ की शक्तियों पर सीमाएं होती हैं। इसकी उद्घोषणा के तहत राज्य की ओर से केंद्र द्वारा लिया गया हर निर्णय कानूनी चुनौती के अधीन नहीं हो सकता। इससे अराजकता फैल सकती है। सीजेआई ने कहा,हम निर्देश देते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाए। हम चुनाव आयोग को सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर में चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश देते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला...**लिए समर्पित हैं कि तरक्की ना सिर्फ आप तक बल्कि समाज के हर उस पिछड़े तबके तक पहुंचे, जिन्हें अनुच्छेद 370 की वजह से काफी कुछ झेलना पड़ा। आज का फैसला सिर्फ एक कानूनी फैसला नहीं है बल्कि यह आशा की किरण है। यह उज्जवल भविष्य का वादा है और हमारे उन एकजुट प्रयासों का सबूत है, जिनसे हम एक मजबूत और एकजुट भारत बनाएंगे। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को बरकरार रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। 5 अगस्त 2019 को पीएम मोदी ने एक दूरदर्शी फैसला लेते हुए अनुच्छेद 370 को हटाने का फैसला किया। उसके बाद से जम्मू कश्मीर में शांति लौटी है। विकास और तरक्की से घाटी में मानव जीवन को नए मायने मिले हैं, जो कि एक समय हिंसा से तहस-नहस हो गए थे। पर्यटन से समृद्धि और कृषि क्षेत्र से जुड़े जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लोगों की आय बढ़ी है। आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने साबित कर दिया है कि अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला पूरी तरह से संवैधानिक था।

**बैंक लोन का सेटलमेंट..**डील तय हो गयी। राकेश थापर ने 29 मई 2023 को ड्राफ्ट बनवाने के लिये बोला और उसकी डिटेल भेज दी। राकेश थापर के कहने पर 30 मई 2023 को 27,31,750 रु०, 53,62,750 रु० और 25,78,750 के बैंक ड्राफ्ट पंजाब नैशनल बैंक नई दिल्ली के बनवाकर दे दिये । 1 जून 2023 को 1 करोड रूपये नकद राकेश थापर के दिल्ली ऑफिस में राकेश थापर और अनुकम्पा भट्ट को दे दिये और उसके बाद राकेश थापर और अनुकम्पा भट्ट को 50 लाख रूपये दिये। फिर 2 अगस्त 2023 को बैंक का एक फर्जी पत्र उक्त लोगों ने इस आशय का उपलब्ध कराया कि बैंक ऋण सेटलमेन्ट पर राजी है। 8 जून 2023 को बैंक कम्प्यूटर स्क्रीन शॉट की प्रति यह कहरकर भेजी कि आपका लोन सेटलमेन्ट हो गया है। 09 जून 2023 को तीनो बैंक ड्राफ्टो की प्राप्ति की रसीद भी दी गयी। फिर 13 जून 2023 को एक पत्र भेजा कि आपका लोन सेटलमेन्ट हो गया है, आपको बाकी रकम 02 जून 2023 को पंजाब नैशनल बैंक को अदा करनी है। 20 जून 2023 को बैंक खाते की डिटेल भेजी गयी। जिस पर पुनः 7जुलाई 2023 को तीन ड्राफ्ट 27,64,420 रु० ,57,48,868 रूपये , 25,14,036 रूपये बनवाकर दिये गये। प्रार्थी द्वारा सेटलमेन्ट के कार्य का तकादा करने पर दिनांक 07 अगस्त 2023 को एक पत्र दिया गया कि आपके बैंक से सेटलमेन्ट हो चुका है शीघ्र ही आपका कार्य करवा दूंगा, लेकिन आप बैंक में नहीं जायेगे। शिकायतकर्ता ने बताया कि 27 सितंबर 2023 को दूसरे पक्ष ने अपनी सहयोगी अनुकम्पा भटट को काशीपुर भेजा जिसने पंजाब नेशनल बैंक के बाहर रेस्टोरेन्ट पर बुलाकर कहा कि आप बाकी 81,00,000 रु० नकद दे दो, तो मैं आपका बैंक से फाईनल एग्रीमेन्ट हो जाएगा। शिकायत कर्ता ने बताया कि उन्होंने अनुकंपा भट्ट के पास अनिल डाबर और मनीष श्रीवास्तव को भेजा जहां शक होने पर बैंक से वार्ता करने पर पता चला कि इन लोगो ने ठगी की है। बैंक के समस्त प्रपत्र फर्जी है और राकेश थापर व अनुकम्पा भटट जालसाजी कर एक करोड पचास लाख रूपये ठग चुके हैं। अनिल डाबर व मनीष श्रीवास्तव ने अनुकम्पा भटट से रूपये वापस करने को कहा तो वह गन्दी गालियां बकते हुए जान से मारने की धमकी देने लगी और झूठे छेडखानी के मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी। जिस कारण अनिल डाबर व मनीष श्रीवास्तव वहां से चले आये। बाद में राकेश थापर के फोन पर वार्ता की तो उसने अनिल डाबर व मनीष श्रीवास्तव को दिल्ली 30 सितम्बर 2023 को बुलवाया और कुछ समय बाद रूपया लौटाने की बात कही। फिर दिनांक 30 सितम्बर 2023 को दिल्ली बुलाकर पैसा लौटाने की बात कही। उसके बाद 04 अक्टूबर 2023 को इण्डिया हेवीटेज सेन्टर के कॉन्फ्रेस हॉल में और 05 अक्टूबर 2023 को पी.एम ऑफिस के बाहर बुलाया। फिर 12 अक्टूबर 2023 को लाजपत नगर के पते पर अनिल डाबर मनीष श्रीवास्तव श्रीमति ममता श्रीवास्तव व अर्पित श्रीवास्तव व जस बहादुर गये। वहां पर उसने 75 लाख रुपये 25 अक्टूबर 2023 को वापस करने की बात कही तथा बाकी शेष रकम जल्दी देने का वायदा किया। फोन करने पर राकेश थापर ने कहा कि मैं विदेश गया हुआ हूं दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को वापस लौटूंगा तब पैमेन्ट करूंगा। उसके बाद लगातार उसके साथ फोन पर सम्पर्क में रहे। जिसके बाद 10 नवम्बर 2023 को राकेश थापर ने पटेल नगर दिल्ली 12 बजे बुलवाया कि आप आ जाओ आपकी पैमेन्ट हो जायेगी। जब दिल्ली गये तो वहां पर राकेश थापर अपनी कार में अनुकम्पा भट्ट के साथ आया और एक-डेढ घण्टा बातचीत हुई जिसमें राकेश थापर और अनुकम्पा भटट ने कहा कि हमारा काम इसी तरह लोगों के साथ ठगी करने का है हमारा एक अन्तर्राष्ट्रीय गिरोह है जिसमें बड़े-बड़े शातिर बदमाश है हमारी कई थानों में रिपोर्ट दर्ज है, परन्तु आज तक हमारा कुछ नहीं बिगड़ा। यदि बार-बार रकम का तकादा करोगे तो अपनी जान से हाथ धो बैठोगे। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**एसएसपी ने किये ...**गणेश प्रसाद को थाना गदरपुर से थाना आईटीआई, गणेश पाण्डे को एसओजी रूद्रपुर से थाना आईटीआई, शेखर बनकोटी को थाना नानकमत्ता से थाना आईटीआई, सुभाष कुमार को जसपुर से थाना बाजपुर, हेमंत कुमार को पुलिस लाईन से थाना बाजपुर, हेमंत कुमार को पुलिस लाईन से थाना केलाखेड़ा, श्रीनाथ को पुलिस लाईन से थाना रूद्रपुर, भरत सिंह को पुलिस लाईन से थाना ट्रांजिट कैम्प, जगदीश पाठक को पुलिस लाईन से थाना रूद्रपुर, विजेन्द्र शर्मा को थाना रूद्रपुर से थाना सितारगंज, हेम चन्द्र फुलारा को थाना रूद्रपुर से थाना जसपुर, इरफान को थाना रूद्रपुर से थाना झनकईया, किशन सिंह को थाना रूद्रपुर से थाना झनकईया, हरि सिंह को थाना काशीपुर से थाना केलाखेड़ा, श्याम सिंह को थाना दिनेशपुर से थाना नानकमत्ता, प्रवीण गोस्वामी को थाना नानकमत्ता से एसओजी काशीपुर, आनन्द सिंह बिष्ट को थाना रूद्रपुर से थाना काशीपुर, खष्टी को अभियोजन कार्यालय काशीपुर से थाना सितारगंज एवं मीना आर्या को शिकायत प्रकोष्ठ से थाना कोलाखेड़ा स्थानांतरित किया गया है।

**नशे के लिए ..**पार्षद बबलू सागर आये और उन्होंने बाजार चौकी पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने फांसी लगाये युवक राम को पेड़ से नीचे उतार कर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक का एक बड़ा भाई पंचानन मंडल व दो बहिनें पाची तथा मोरी विवाहित हैं। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**बुद्धवीर को ..** बाद, केंद्र सरकार ने दर्ज एफआईआर में किसानों के संघर्ष के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए है एसकेएम ऐसे निराधार आरोपों का पुरजोर खंडन करता है। प्रेषित ज्ञापन में राष्ट्रपति से केंद्र सरकार को उन नौकरशाहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश देने का आग्रह किया है जिन्होंने प्रतिशोध की भावना से काम किया है। प्रदर्शन करने वालों में जगीर सिंह, बल्ली सिंह चीमा सहित कई किसान शामिल थे।

**स्कूल से हजारों...**इंच, एक यू0पी0एस0, वाई-फाई डोंगल, वेब कैमरा, वायरलेस माईक विद ब्लुटूथ, इंस्टालेशन किट (पावर एक्सटेंशन) एण्ड यू0एस0बी0 हब ड्राइव (3+1) डिजिटल कोन्टेंट एण्ड 64 जी0बी0 पैन ड्राईव, ब्लुटूथ ट्रांसमीटर आदि सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले में दो माह बाद रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**विद्युत चोरी के ..**भवनों में विद्युत चोरी कें मामले पाये गयें। मौके पर केबल जब्त कर ली गई। पुलिस ने उपरोक्त सभी आरोपियों के विरूद्ध विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू माँ
Galaxy Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000 HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Secured by Knox
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Zero down payment | 30 months low cost EMI
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Zero down payment | 30 months low cost EMI
Galaxy S23 FE
Own at ₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic, Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank, Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
YES BANK
HDFC BANK
AMERICAN EXPRESS
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन